**दिनांक : 27/03/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- सरकार ने कहा-देश में पेट्रोल डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं।
- छिंदवाड़ा में हुए सड़क दुर्घटना में दस लोंगो की मृत्यु, मुख्यमंत्री ने व्यक्त की संवेदना।
- देशभर में रामनवमी का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।
- आईपीएल का दूसरे चरण का कार्यक्रम जारी।

अब समाचार विस्तार सेः-

पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस मंत्रालय

सरकार ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी नहीं है। भारत के पास कुल 74 दिनों की आरक्षित क्षमता है और वर्तमान में वास्तविक स्टॉक लगभग 60 दिनों का है। मंत्रालय ने कहा कि सभी खुदरा ईंधन दुकानों पर पर्याप्त आपूर्ति है और मंत्रालय ने नागरिकों से जानबूझकर फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं के सुनियोजित अभियान से गुमराह न होने का अनुरोध किया है। पेश है

छिंदवाड़ा दुर्घटना- मुख्यमंत्री

छिंदवाड़ा-नागपुर मार्ग पर कल शाम हुए एक सड़क हादसे में 10 लोगों की मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सड़क दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा जिला प्रभारी मंत्री राकेश सिंह को घटना में प्रभावित लोगों से मिलने भेजा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए सभी दिवंगत नागरिकों की आत्मा को शांति की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर मृतकों के निकटम परिजनों को चार-चार लाख रूपये की सहायता राशि और गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये की सहायत राशि प्रदान की जाएगी। सभी घायलों का इलाज निःशुल्क किया जाएगा। राजधानी भोपाल में स्वास्थ्य विभाग में नियंत्रण कक्ष बनाकर सभी घायलों के उपचार की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

समीक्षा बैठक-मंत्री सारंग

सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ कार्यालय में समीक्षा बैठक में संघ की गतिविधियों, उर्वरक वितरण व्यवस्था, वित्तीय प्रबंधन, परिसंपत्तियों के उपयोग एवं व्यवसाय विस्तार की विस्तृत समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मार्कफेड को आत्मनिर्भर, आधुनिक एवं व्यावसायिक रूप से मजबूत संस्था बनाने के लिए सभी अधिकारी लक्ष्य आधारित कार्य करें।

शिक्षक प्रशिक्षण

मध्यप्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विज्ञान विषय के शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय स्तर के संस्थान में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत भौतिकी, रसायन एवं गणित विषयों के शिक्षकों को प्रयोगशालाओं के बेहतर उपयोग एवं प्रायोगिक शिक्षण को प्रभावी बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 28 मार्च से 2 अप्रैल तक राजधानी भोपाल स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में होगा।

राम नवमी

देशभर में रामनवमी का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राम नवमी के पावन पर्व पर लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

प्रदेश में भगवान श्रीराम का प्राकट्यउत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश के सात स्थलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। राजधानी भोपाल में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ ही भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर चित्रकूट धाम और ओरछा, नर्मदापुरम, ग्वालियर, सतना, रीवा सहित सभी जिलों में विशेष आयोजन किये जा रहे हैं।

आधार कार्ड

राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सहयोग से प्रदेश के स्कूलों में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 'विद्यार्थियों के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार' शिविर का अगला चरण एक अप्रैल से शुरू किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके विद्यालय परिसर में ही आधार से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें नामांकन और अपडेट के लिए अलग से कहीं जाने की आवश्यकता न पड़े।

विक्रमोत्सव 2026

उज्जैन में आयोजित किए जा रहे विक्रमोत्सव 2026 के प्रसारण ने डिजिटल आउटरीच और कम्युनिटी एंगेजमेंट के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 7 फरवरी से 24 मार्च 2026 के बीच आयोजन से संबंधित गतिविधियों ने कुल 17 करोड़ 72 लाख से अधिक लोगों तक पहुंच बनाई है। आधिकारिक सोशल मीडिया और लाइव स्ट्रीम्स के माध्यम से जहां 47 दशमलव 85 लाख लोगों तक पहुंच बनी, वहीं आमजन द्वारा तैयार कंटेंट और विभिन्न हैशटैग्स के जरिए 17 करोड़ 24 लाख से अधिक की डिजिटल रीच दर्ज की गई। आयोजन से संबंधित 300 से अधिक पोस्ट्स प्रकाशित किए गए, जिनसे लगभग 47 लाख 85 हजार लोगों तक पहुंच बनी।

आईपीएल - दूसरा चरण

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड -बी.सी.सी.आई. ने इंडियन प्रीमियर लीग -आई.पी.एल के दूसरे चरण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। प्लेऑफ के आयोजन स्थलों की जानकारी बाद में साझा की जाएगी। दूसरे चरण में 12 शहरों में 50 मैच खेले जाएंगे। इनमें बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और दिल्ली शामिल हैं। ये मैच 13 अप्रैल से 24 मई तक चलेंगे। दूसरे चरण के पहले मैच में हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स आमने-सामने होंगे। इस चरण में आठ डबल-हेडर मैच होंगे। आईपीएल का पहला चरण कल से शुरू हो रहा है। प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में कल शाम वर्तमान चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आमने-सामने होंगे।

खेलो इंडिया

छत्तीसगढ़ में चल रहे खेलो इंडिया जनजातीय खेलों के दूसरे दिन कल तैराकी, भारोत्तोलन, हॉकी और फुटबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कर्नाटक के तैराक मणिकांत एल. ने 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में स्वर्ण पदक जीतकर लगातार तीसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन आज, तैराकी, भारोत्तोलन, हॉकी, फुटबॉल और कुश्ती की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

ऽ अशोकनगर में आज पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा का शुभारंभ किया जाएगा। भोपाल-चंदेरी-ओरछा के लिए प्रारंभ की जा रही है यह सेवा, गुरुवार, शनिवार एवं रविवार को मिलेगी।

ऽ जबलपुर में रामनवमी के अवसर पर आज मां नर्मदा तट गौरीघाट पर आविर्भाव समारोह की शुरूआत की गई।

ऽ नर्मदापुरम के इटारसी में संकल्प से समाधान अभियान के समापन पर 40 हितग्राहियों को पट्टे वितरित किए गए और 12 हजार 283 आवेदनों का निराकरण किया गया।

ऽ आगरमालवा में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

ऽ डिंडौरी में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत रूसा के पोषक ग्राम घानामार में श्रमदान एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ऽ एनसीएल सिंगरौली की जयंत परियोजना ने एक दिन में 1.21 लाख टन कोयला प्रेषण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

ऽ बैतूल में दुर्गाष्टमी पर केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम और शिशु संस्थान में सेवा कार्य कर, वृद्धजनों से आशीर्वाद लिया।

------------